**कार्यालय मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।**

पत्रांकः– 3361/11–सी–FP/UP/Approach/153199/2022, लखनऊ, दिनांकः जून 30 ,2025

सेवा में,

उप वन महानिदेशक (केन्द्रीय),
भारत सरकार,
पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मन्त्रालय,
क्षेत्रीय कार्यालय (मध्य क्षेत्र),
केन्द्रीय भवन, अलीगंज, लखनऊ।

विषयः– सोहेलवा वन्यजीव प्रभाग के अंतर्गत जनपद–बलरामपुर में हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि0 द्वारा तुलसीपुर–कोयलाबास मार्ग (एम0डी0आर0) के किमी0 7 (चैनेज सं0–6.800) के मध्य बांयी पटरी पर गाटा सं0–224, ग्राम–मदरहवा, तहसील–तुलसीपुर, जिला–बलरामपुर में प्रस्तावित पेट्रोल पम्प स्थल से मुख्य मार्ग तक आवागमन में प्रभावित 0.157853 हे0 संरक्षित वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 01 वृक्ष के पातन की अनुमति के संबंध में।

संदर्भः– भारत सरकार का पत्रांक–8बी/यू0पी0/06/148/2023/एफ0सी0/289, दिनांक 08.08.2023 एवं मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव (पूर्वी), गोण्डा का पत्रांक–1973/35–1, दिनांक 06.06.2025

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्रों का अवलोकन करने का कष्ट करें। भारत सरकार के उपरोक्त संदर्भित पत्र के द्वारा विषयगत प्रकरण में सैद्धान्तिक स्वीकृति निर्गत की गयी है। उक्त सैद्धान्तिक स्वीकृति में निहित शर्तों की बिन्दुवार अनुपालन आख्या मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव (पूर्वी), गोण्डा के उपरोक्त पत्रांक–1973/35–1, दिनांक 06.06.2025 द्वारा इस कार्यालय को दिनांक 23.06.2025 को अपलोड कर प्रेषित किया गया है तथा प्रकरण में प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा एन0पी0वी0 एवं क्षतिपूरक वृक्षारोपण की धनराशि एड–हॉक कैम्पा में ऑनलाइन e-payment portal के माध्यम से ई–चालान द्वारा जमा किया गया है।

अतः उक्त पत्र की छायाप्रति सहित बिन्दुवार अनुपालन आख्या ऑनलाइन "परिवेश" पोर्टल पर अपलोड कर इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया विषयगत प्रकरण में **विधिवत स्वीकृति (Stage-II)** निर्गत करने का कष्ट करें।

**संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,

30.06

**(ललित कुमार वर्मा)**
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

**पत्रांकः– 3361 /11–सी–FP/UP/Approach/153199/2022, दिनांकित।**

प्रतिलिपिः– प्रमुख सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग–2, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को संलग्नक सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।**

प्रतिलिपिः– प्रभागीय वनाधिकारी, सोहेलवा वन्यजीव प्रभाग, बलरामपुर को सूचनार्थ एवं इस आशय से प्रेषित कि कृपया विषयगत प्रकरण के अद्यतन स्थिति को वन विभाग के वेबसाइट पर बनाये गये पोर्टल पर Proposal का विवरण अपडेट करना सुनिश्चित करें।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव (पूर्वी), गोण्डा।
2. उप महाप्रबन्धक (रिटेल), हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लि0, गोरखपुर–देवरिया रोड, बैतालपुर, देवरिया।

30.06

**(ललित कुमार वर्मा)**
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।